दिनांक : 01.03.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल गुजरात में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्‌घाटन किया
- प्रधानमंत्री आज तमिलनाडु और पुद्दुचेरी को 7 हजार 100 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल बड़वानी में आयोजित होगी राज्य की पहली 'कृषि कैबिनेट
- कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आज भारत और वेस्टइंडीज के बीच मुकाबला; पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर।

---------------------------------------------

प्रधानमंत्री- ए.टी.एम.पी सुविधा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग - ए.टी.एम.पी सुविधा का उद्‌घाटन किया। यह सुविधा देश के सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि साणंद ए.टी.एम.पी सुविधा से भारत में निर्मित पहले सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल का वाणिज्यिक उत्पादन और शिपमेंट शुरू हो गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। श्री मोदी ने कहा कि जहां पिछली सदी तेल द्वारा नियंत्रित थी वहीं इस सदी में माइक्रोचिप नियामक का काम करेगी।

---------------------------------------------

पीएम-तमिलनाडु पुद्दुचेरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में 7 हजार 100 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान और गुजरात के दौरे के बाद कल रात चेन्नई पहुंचे। पुद्दुचेरी में, प्रधानमंत्री आज सुबह 2 हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें चेन्नई बीच-चेन्नई एग्मोर चौथी रेल लाइन का उद्घाटन भी शामिल है। यह परियोजना चेन्नई उपनगरीय रेल नेटवर्क की परिचालन क्षमता बढ़ाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

-----------------------------------------

सेमीकनेक्ट सम्मेलन

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आज गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में आयोजित गुजरात सेमीकनेक्ट सम्मेलन 2026 में भाग लेंगे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी उपस्थित रहेंगे। दो दिवसीय इस सम्मेलन में आठ देशों के ढाई हजार से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, माइक्रोन टेक्नोलॉजी और सेमी सहित उद्योग जगत की दिग्गज कंपनियां इस शिखर सम्मेलन में भाग ले रही हैं।

-----------------------------------------

'मध्यप्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन'

प्रदेश में कल यानि सोमवार  से होने वाली बसों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को वापस ले लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और 'मध्यप्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन' के पदाधिकारियों के बीच बीते कल  शनिवार हुई सकारात्मक चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बस ऑपरेटरों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने विवादित सूचना और अधिसूचना को फिलहाल 'होल्ड' करने के निर्देश दिए हैं। अब परिवहन मंत्री और एसोसिएशन के प्रतिनिधि

मिलकर सभी तकनीकी कठिनाइयों का हल निकालेंगे। इस निर्णय से प्रदेश की लोक परिवहन सेवा निर्बाध रूप से जारी रहेगी।

-----------------------------------------

वस्त्र उद्योग- गिरिराज सिंह

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार ने वस्त्र उद्योग के उन्नयन के लिए अतिरिक्त 15 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने भिवानी स्थित वस्त्र और विज्ञान तकनीकी संस्थान में आयोजित ग्लोबल टेक-टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में यह बात कही।

-----------------------------------------

किसान कल्याण वर्ष 2026

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल बड़वानी में राज्य की पहली 'कृषि कैबिनेट' आयोजित की जाएगी। 'किसान कल्याण वर्ष 2026' के तहत सरकार बगीचे से लेकर बाज़ार तक किसानों को समृद्ध बनाने के लिए बड़ी सौगात देने जा रही है। नई दिल्ली में बीते कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश अब पूरी तरह नक्सल मुक्त हो चुका है।

साथ ही, भोपाल गैस त्रासदी की ज़मीन पर अब कचरा निष्पादन के बाद एक भव्य स्मारक और साइंस पार्क बनाने की योजना है। भगोरिया को राजकीय पर्व का दर्जा देने और 8 लाख बेटियों के मुफ्त टीकाकरण जैसे संकल्पों के साथ सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

-----------------------------------------

केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कल भोपाल में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की 44वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए देश के चिड़ियाघरों को 'आत्मनिर्भर' बनाने और युवाओं को संरक्षण से जोड़ने का नया रोडमैप तैयार किया है। बैठक में बड़ा निर्णय लिया गया कि मई 2026 तक देश के सभी बड़े चिड़ियाघरों का प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन किया जाएगा। इसके साथ ही, अब चिड़ियाघरों के विकास में सांसदों के सुझाव लिए जाएंगे और स्कूलों में विशेष कक्षाएं आयोजित

कर बच्चों को वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। जूनागढ़ में वन्यजीव अनुसंधान केंद्र की स्थापना और सीएसआर फंड के जरिए चिड़ियाघरों को सुदृढ़ करने पर भी सहमति बनी है।

-----------------------------------------

एयर इंडिया - उड़ानें

मध्य पूर्व में चल रही स्थिति और कई हवाई क्षेत्रों के बंद होने के कारण एयर इंडिया ने कल के लिए निर्धारित 28 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी हैं। प्रभावित उड़ानों में दिल्ली और मुंबई से लंदन हीथ्रो, अमृतसर से लंदन गैटविक और दिल्ली और मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाली उड़ानें शामिल हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ईरान और मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों में एयरस्पेस पर पाबंदियों को देखते हुए तैयारियों का रिव्यू करने के लिए 24x7 यात्री सहायता कंट्रोल रूम बनाया है।

-----------------------------------------

भारत-सीरिया परामर्श

मौजूदा क्षेत्रीय परिस्थितियों को देखते हुए दमिश्क स्थित भारतीय दूतावास ने सीरिया में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से बचने, उचित सावधानी बरतने, सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है। दूतावास ने अपने बयान में कहा कि भारतीय नागरिक समय-समय पर दूतावास और सीरियाई अधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों और परामर्श का पालन करें।

-----------------------------------------

रणजी ट्रॉफी

जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने कल अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया है। इस गौरवशाली उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम को हार्दिक बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि यह जीत टीम के असाधारण साहस, अनुशासन और अटूट संकल्प का परिणाम है। उन्होंने इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह जीत क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी।

----------------------------------------

## होली के दौरान रेलवे निरीक्षण

होली  के दौरान यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए, उत्तरी रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडे ने कल नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान, महाप्रबंधक ने स्टेशन परिसर और प्लेटफार्मों पर यात्रियों से बातचीत की।

----------------------------------------

## आईसीसी टी20 विश्व कप

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना आज वेस्टइंडीज से होगा। मैच शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन ग्रार्डन में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में दोपहर 3 बजे खेला जाएगा।   पाकिस्तान सुपर-8 के मैच में श्रीलंका पर पांच रन से जीत हासिल करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

----------------------------------------

## अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- धार में लगे होली मेले में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने स्वसहायता की बहनों के उत्पादों का अवलोकन किया।
2- झाबुआ में स्वच्छ और स्वस्थ होली अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला और अनुभाग स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। गौकाष्ठ और उपलों के लिए संस्थाएं ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकती हैं।
3- आगरमालवा जिला चिकित्सालय और कटनी में कल ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया।
4- इंदौर के राजा रमन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 की शुरुआत की गयी। वहीं खंडवा के  नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता, पावरपॉइंट प्रस्तुतिकरण और गूगल प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। बीएमएचआरसी, भोपाल में भी इस मौके पर साइंस क्लब का विधिवत शुभारंभ

किया गया।

5- नर्मदापुरम में हस्तशिल्प विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 7 से 9 मार्च तक एंपोरियम में महिलाओं को विशेष डिस्काउंट देने की घोषणा की गई है।

-----------------------------------------